तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 17 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 सर्व समाज की बैठक में धर्मांतरित लोगों से मूल ...



14 ध्वजारोहण के बाद सीएम के संदेश का हुआ वाचन ...






## खबर संक्षेप



### समाज सेवा में अग्रणी कई सेवकों का किया सम्मान

**कांकेर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन की ओर से इस वर्ष जिले के भानुप्रतापपुर निवासी जैश करपाल को अंगदान को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने, देवेंद्र यादव को नेत्रदान को प्रोत्साहित करने और जागरूकता फैलाने, सुरेश आहुजा को स्वर्ग रथ के माध्यम से मृत्यु उपरांत शवों को मुक्तिधाम तक पहुंचाने,ज्ञानेन्द्र गौतम और आशीष परिहार को जहरीले सांपों को पकड़कर जंगल में सुरक्षित ढंग से छोड़ने और लोगों की सुरक्षा करने के लिए सम्मान प्राप्त हुआ। इन सभी कर्मयोगियों को नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सर्कल कोंडे में युवा प्रभाग का गठन



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के सर्कल कोंडे में आयोजित सर्व आदिवासी समाज की बैठक में सर्कल स्तरीय सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन किया गया l सियान प्रभाग का अध्यक्ष आयतु पुड़ो, कार्यकारी अध्यक्ष मंशा वट्टी, सचिव देवा आँचला, कोषाध्यक्ष जगत आँचला, सर्व आदिवासी युवा प्रभाग सर्कल कोंडे अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष मेहतर मंडावी, उपध्यक्ष राजेश पोटाई, शिव पुड़ो, सचिव रामकुमार जाड़े, सह सचिव मनोज पुड़ो, कोषध्यक्ष हरि जाड़े, प्रवक्ता सुनील आंचला, मनेसिंह सलाम मीडिया प्रभारी, दिलीप मंडावी, नागेश टोहलिया एवं कार्यकारिणी सदस्य भी बनाए गए।

### स्वतंत्रता दिवस पर लगाई दौड़



**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में एनसीसी, स्काउट गाइड, जूनियर रेडक्रास सोसायटी,इको क्लब राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत चिल्हाटी तक स्वाधीनता दौड़ में सम्मिलित हुए। छात्र भारत माता की जय नारा लगाते हुए दौड़ लगाई। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य शिवराज टांडिया, रासेयो प्रभारी जनक कोमरा, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, स्काउट गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम, जूनियर रेडक्रास प्रभारी हुमा पिस्दा, इको क्लब प्रभारी मोनिका जुर्री, राजेंद्र नेताम, भरत श्रीवास्तव, कंचन ठाकुर, लिप्सा ठाकुर, तोमेश्वरी मानकर, रंजीत लहरें, प्रेरणा मेहरा,प्रसुन जैन, पारूल टांडिया, मुकेश कांगे,केशव कुंजाम उपस्थित रहे।

### ओपन परीक्षा के प्रवेश पत्र पहुँचे

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा हाईस्कूल हायर सेकंडरी अवसर परीक्षा शिक्षा सत्र 2025 के अन्तर्गत परीक्षा 18 अगस्त से 3 सितंबर होने वाले शेष पेज 12 पर

---

**लापरवाही : ग्रामीणों ने कहा- जाँच का मिला था आश्वासन, नहीं हुआ अभी तक**

# भैसाकन्हार के ग्रामीणों ने सीएमडीसी माइंस का काम रोका, सीमांकन की मांग पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- बोर्ड लगाने से ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश, होगा बड़ा आंदोलन
- कच्चे आरीडोंगरी प्रबंधन ने सीएसआर मद से गांव में नहीं हुए काम, जाँच की उठी माँग

भैसमुंडी और भैसाकन्हार (क) के ग्रामीण शनिवार 16 अगस्त को बड़ी संख्या में सीएमडीसी माइंस पहुंचे और लौह अयस्क के परिवहन कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि माइंस उनके गांव की सरहद सीमा में आता है, लेकिन प्रबंधन द्वारा हाल ही में बोर्ड बदलकर ग्राम पंचायत कच्चे का नाम लिख दिया गया है। इसी कारण रॉयल्टी की राशि कच्चे पंचायत को मिल रही है, जबकि भैसाकन्हार को उसका हक नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम भैसमुंडी और भैसाकन्हार (क) ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक गांव की सीमा का सीमांकन नहीं होता, तब तक माइंस का कार्य बंद रहेगा। ग्रामीणों ने कहा था कि कुछ समय पहले भी चक्काजाम करके हमने माँगो को पूरा करने की माँग किया था, परंतु





प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों का कहना था कि कच्चे के कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोग दादागिरी कर रहे है, उनके चेहरे भी उजागर किए जाएंगे। यह दलाल प्रवृत्ति के लोग कच्चे माइंस में किस तरह की दलाली करते है, उसका भी खुलासा किया जाएगा। यह कंपनी के लोग से मिलकर दूसरे लोगो के वाहन लगाते है और प्रत्येक गाड़ी से पर टन अवैध वसूली किया जा रहा है। इस पर हम रोक लगाने की माँग करते है। हमारा गांव भी कच्चे माइंस के अंतर्गत प्रभावित गांव में आता है, जब से माइँस खुली है, तब से कच्चे प्रबंधन बताए कि हमारे गांव के लिए सीएसआर मद से क्या किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय अधिकारी उनकी बात सुनने के बजाय सीधे कह देते हैं कि यह माइंस कच्चे का है। इस पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अगर माइंस कच्चे का है तो कार्य उसकी सीमा में होना चाहिए। हम अपने वन और जमीन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### प्रभावित क्षेत्र हमारे गांव की सरहद पर

सरपंच रमल कोर्राम ने बताया कि ग्राम पंचायत भैसाकन्हार (क) वन एवं राजस्व क्षेत्र में आता है और खसरा पीएफ 608, वन क्षेत्र रकबा 167 हेक्टेयर भैसाकन्हार की सरहद सीमा में दर्ज है। वर्ष 2022 से यह क्षेत्र भैसाकन्हार (क) पंचायत के नाम से संचालित हो रहा था, लेकिन अब संचालन कच्चे पंचायत को दे दिया गया है। जबकि नियम के अनुसार, जिस पंचायत की सरहद सीमा में क्षेत्र आता है, उसे ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### माइंस संचालन का काम रहेगा ठप

ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सीमांकन के बाद यह क्षेत्र उनकी सीमा में नहीं पाया जाता, तो वे कोई दावा नहीं करेंगे। लेकिन जब तक स्थिति साफ नहीं होती, तब तक माइंस संचालन ठप्प रहेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले का समय पर समाधान नहीं हुआ तो इसका पूरा दायित्व सीएमडीसी प्रबंधन और प्रशासन का होगा।

### सीएसआर मद की होनी चाहिए जाँच

आंदोलन करने वाले ग्रामीणों ने बातचीत में बताया कि आरीडोंगरी कच्चे खदान कं अंर्तगत भैसमुंडी और भैसाकन्हार (क) प्रभावित ग्राम की सूची में आता है। इस खदान के संचालक के द्वारा पर्यावरण अनुमति के दौरान कई वादे किए थे, परंतु आज तक सीएसआर मद से कोई काम हमारे गांव में नहीं हुआ है। हमारी माँग है कि आरीडोंगरी कच्चे खदान जब से संचालित है, तब से जारी किए गए सीएसआर मद की राशि की जाँच किया जाएं, जाँच करके ग्राम पंचायत की सभी में बताया जाएं। ऐसा नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

---

## कलेक्टर ने आरसेटी का निरीक्षणकर प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में एक नई पहल के रूप में कुशल राजमिस्त्री तैयार करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी गोविंदपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान में प्रथम बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रमाण पत्र दिया।

कलेक्टर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी देश की प्रगति का मुख्य आधार वहां के नागरिकों का हुनरमंद होना है। अपने कौशल में निरंतर वृद्धि करके प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है जिसकी कोई सीमा नहीं। ज्ञात हो कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्था है, जो देश के प्रत्येक जिले में स्थापित है। संस्थान में बीपीएल ग्रामीण युवक-युवतियां अपना पंजीयन कर अपनी रुचि के क्षेत्र में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। इस संस्थान में प्रशिक्षण, भोजन एवं आवास पूर्णतः निःशुल्क होता है। संस्थान के निदेशक द्वारा जानकारी दिया गया कि 18 एवं 26 अगस्त से राजमिस्त्री के लिए दो नए बैचों की शेष पेज 12 पर

## 610 ग्राम गांजा जब्त, गढ़पिछवाड़ी के एक कोचिया को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सूखा नशा गांजा और दवाईयों का सेवन बढ़ गया है और इस पर लगाम कसने के लिए अभी कांकेर थाना की पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने वाला कोचिया पुलिस के हत्थे चढ़ा, जिसे जेल की सलाखों में भेजा गया।

कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि गढ़पिछवाड़ी तिराहा के पास 21 वर्षीय अंकित तारम एक थैला में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है और बिक्री करने के लिए ग्राहको का तलाश कर रहा है। मुखबिर की जानकारी की पुष्टि करने के उपरांत गढ़पिछवाड़ी तिराहा पर पुलिस टीम पहुँची और पुलिस को देख तिराहा पर खड़ा युवक संदिग्ध हरकते करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक अंकित तारम को दबोचा और तलाशी लेने पर उसके पास से मिले थैला में एक सफेद, हरा रंग का प्लास्टिक



थैला के अन्दर में एक पारदर्शी झिल्ली जिसके अंदर में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा की पहचान रगड़कर, सुघकर कराया गया। संदेही अंकित तारम से बरामद गांजा जैसा मादक पदार्थ को ईलेक्ट्रानिक तौल मशीन से तौल करने पर बरामद मादक पदार्थ गांजा एवं प्लास्टिक थैला झिल्ली सहित वजन 700 ग्राम एवं गांजा का वजन 610 ग्राम होना बताया। आरोपी अंकित तारम पिता नकूल तारम उम्र 21 वर्ष निवासी गढ़पिछवाड़ी थाना का अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से 14 अगस्त को सायं 4 बजकर शेष पेज 12 पर

## पूर्व पीएम अटलजी की पुण्यतिथि पर भाजपा कोरर ने अर्पित की श्रद्धांजलि और किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर द्वारा आज 16 अगस्त 2025 को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर जंजालीपारा अटल चौक में उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं तिलक वंदन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।

कोरर मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं को बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म 25 दिसम्बर 1924 एवं उनका स्वर्गवास 16 अगस्त 2018 को हुआ, वह भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला , वे पहले 13 दिन के लिए 16 मई 1996 से 1 जून 1996 तक। फिर लगातार 2 साशन; 8 महीने के लिए 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 और फिर वापस 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमन्त्री रहे।

वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में थे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। छत्तीसगढ़ की देन उन्हीं की है। मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने याद करते हुए कार्यकर्ताओं के समक्ष उनके द्वारा रचित कविता जूझने का मेरा इरादा न था, मोड़ पर मिलेंगे इसका वादा न था। रास्ता रोक कर वह खड़ी हो गई, यों लगा ज़िंदिगी से बड़ी हो गई। मौत की उमर क्या है? दो पल भी नहीं, ज़िंदिगी-सिलसिला, आज-कल की नहीं। मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूँ, लौटकर आऊँगा, कूच से क्यों डरूँ? तू दबे पाँव, चोरी-छिपे से न आ, सामने वार कर शेष पेज 12 पर

---

**नई दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों होंगे पुरस्कृत**

# रामेश्वर व लक्ष्मण को 26 जनवरी में मिलेगा भारत का तीसरा सर्वोच्च सम्मान शौर्य चक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवाद को खत्म करने की डेडलाईन जारी किया था और बस्तर संभाग के सभी जिले के पुलिस अधिकारी माओवाद को खात्मा के लिए डट गए थे। बांदे के तत्कालीन थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख और पखांजुर थाना के प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने हापाटोला के जंगल में कैंप करने वाले माओवादियों को खात्मा करने रणनीति तैयार किया और अंततः 29 नक्सलियों के खात्मा करने में कामयाब रहे। ऐसा साहस भरा काम करने पर दोनो निरीक्षकों को भारत सरकार ने शौर्य चक्र से नवाजे जाने की घोषणा किया है, यह पुरूस्कार 26 जनवरी को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा।

**16 अप्रैल 2024 को 29 माओवादियों को खात्मा करने में मिली थी सफलता**

### शौर्य चक्र की विशेषता

यह भारत का तीसरा सर्वोच्च शौर्य पुरस्कार है, जो शांति काल में अद्वितीय साहस, वीरता और आत्म-बलिदान के लिए दिया जाता है। इसकी स्थापना 1952 में हुई थी। दुश्मन के खिलाफ लड़ाई के बिना, लेकिन खतरनाक परिस्थिति में असाधारण वीरता दिखाने पर, आतंकवादियों, डाकुओं, या किसी भी तरह के खतरनाक आपराधिक गतिविधियों से निपटने में शामिल होने पर दिया जाता है। इसका रूप गोलाकार कांस्य पदक, जिस पर अशोक चक्र और कमल के पुष्प का चित्र उल्लेखित रहता है।



रामेश्वर देशमुख



लक्ष्मण केंवट

जानकारी के अनुसार देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा डेडलाईन जारी किए जाने के बाद माओवादी लगातार सेफ जोन में छिपने लगे थे। कांकेर जिले की सीमा से लगे अबूझमाड़ शेष पेज 12 पर

### हापाटोला मुठभेड़ एतिहासिक रही

शौर्य चक्र से नवाजे गए निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा दिए गए डेडलाईन पर काम करते हुए माओवादियों से हापाटोला में मुठभेड़ में जो कांकेर जिले को 29 माओवादियों को मारने में सफलता मिली, वो एतिहासिक रही। इस सफलता को पाने वाले निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख को दो बार राष्ट्रपति पदक और एक बार केंद्रीय गृह मंत्री पदक से नवाजा जा चुका है।

### 36 मुठभेड़ में 92 शव, जंग जारी रहेगी

शौर्य चक्र से नवाजे गए निरीक्षक लक्ष्मण केंवट ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि अभी तक 36 मुठभेड़ में 92 माओवादियों के शव बरामद हो चुके है, यह जंग जारी रहेगी। इस सफलता को पाने वाले लक्ष्मण केंवट को इसके पहले6 बार गैलेंट्री पुलिस मैडल और एक बार केंद्रीय गृह मंत्री पदक दक्षता से नवाजा जा चुका है।

## हुल्लड़बाजी करने पर चार शराबी व गंजेड़ी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

असमाजिक तत्वों के द्वारा शराब एवं गांजा पीकर कई मुहल्लो में हुल्लड़बाजी करने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने 04 आरोपियों को दबोचा और उनके खिलाफ कार्यवाही किया गया।

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि शहर में दिन में पैदल, बाईक गस्त एवं रात्रि गस्त पेट्रोलिग बढ़ाकर लड़ाई-झगड़ा, शराबियों, नशेड़ी, गजेड़यो, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर आवश्यक कार्यवाही में निरन्तर पुलिसिंग गशत कार्यवाही कर रही है। असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार शहर में गशत के दौरान असमाजिक तत्वों के द्वारा हुल्लड़बाजी, मोहल्ले वालों को परेशान रहने की जानकारी मिलने पर नंद कुमार पाण्डेय पिता दुर्गाप्रसाद पाण्डेय निवासी मोखलामांझी गली अन्नपूर्णापारा, तिलक राम साहू पिता दयाराम साहू निवासी शांतिनगर, सुरेन्द्र जाधव पिता पन्ना जाधव निवासी शांतिनगर और कुन्दन राय चन्द्रवंशी पिता सुरेन्दर राय निवासी दरियापुर रेवा गया बिहार हाल शांतिनगर के विरूद्ध शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### हाटकोंदल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

दुर्गुकोंदल। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हाटकोंदल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात रैली और ग्राम भ्रमण के साथ किया गया। शाला प्रांगण हाटकोंदल में 79वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े पैमाने पर हर्षोल्लास और देश के आदिवासियों के बीच मनाया गया। बच्चों ने गांव की सड़कों पर तिरंगे झंडे लेकर प्रभातफेरी निकाली, जिसमें भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंजते हुए नारे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पूजा-राजातीत और बोल्ट से हुई। इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। ध्वजारोहण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरपंच हरीशा मंडावी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच हरीशा मंडावी ने अपने अभिवादन में कहा की मैं हमेशा हाटकोंदल स्कूल के प्रति समर्पित रहूंगी और सभी का आभार व्यक्त किया। उनकी गरिमामयी उपस्थि से हाटकोंदल के सभी बच्चों को पेन वितरण कर मिष्ठान वितरण किया गया।

**समाज : धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने को लेकर हुआ था विवाद**

# सर्व समाज की बैठक में धर्मांतरित लोगों से मूल समाज में लौटने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में शुक्रवार को एक इसाई धर्म के मानने वाली महिला की मृत्यु हो गई। इसके बाद महिला की अंतिम संस्कार को लेकर दुर्गूकोंदल के ग्रामीण ने आपत्ति दर्ज किया। महिला के परिजन शनिवार को अपने ही निजी जमीन पर मृतक की अंतिम संस्कार करने की बात कही थी, लेकिन शुक्रवार को शाम करीब 8 बजे ग्राम पटेल ग्राम गायता की उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ने एकमत होकर ईसाई धर्म मानने वाली मृत महिला की शव को दुर्गूकोंदल में अंतिम संस्कार करने नहीं देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। मौके पर पुलिस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी दुर्गूकोंदल पहुंचे। ग्राम पटेल ने मृतक के परिजनों को बुलाकर कहा कि ग्रामवासी और समाज का निर्णय है कि मृत शव की अंतिम संस्कार करने नहीं देंगे, क्योकि महिला ने ईसाई धर्म अपना लिया है। शव को दफनाने से हमारे ग्राम व्यवस्था, देव व्यवस्था अपमानित होगी। मृत महिला के परिजनों ने कहा कि हमारी निजी जमीन है, हम अपने जमीन में अंतिम संस्कार करेंगे। ग्राम के गायता, पटेल और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। पुलिस के अधिकारियों ने भी कहा कि जबरन अंतिम संस्कार से विवाद की स्थिति निर्मित होगी, इसलिए जबरन सरकारी जमीन हो या निजी की जमीन हो अंतिम संस्कार ना करें।



दूसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग ग्रामीणों की सूचना पर दुर्गूकोंदल पहुंचे और ईसाई धर्मांतरण को लेकर मंडी प्रांगण में बैठक लिया सभी लोगों ने बारी-बारी से खड़े होकर अपना विचार व्यक्त किया। अंत में सर्व समाज निर्णय लिया की ईसाई धर्मांतरण क्षेत्र के लिए खतरा है, इसके साथ-साथ बस्तर की प्राचीन व्यवस्था के लिए भी ठीक नहीं है। गांव में रूढ़िवादी परंपरा शीतला, ठाकुर देव की व्यवस्था चलती है। इसलिए हम सब जागरूक हो जाएं कि धर्मांतरण पूर्णतः अंचल में बंद हो और जो भी परिवार ईसाई धर्म में चले गए हैं उनकी घर वापसी हो, इसके लिए लगातार प्रयास करें ताकि बार-बार विवाद की स्थिति निर्मित ना हो। सर्व समाज में निर्णय लिया कि जब-जब ईसाई धर्म प्रवर्तित लोगों की मृत्यु होगी तो अंतिम संस्कार के लिए विवाद होती रहेगा, इसीलिए हम सब कोशिश करें कि ईसाई धर्म में जाने वाले लोगों की घर वापसी हो और गांव व्यवस्था, देव व्यवस्था, प्राचीन व्यवस्था को मानने लगें। बैठक के बाद उपस्थित ग्रामीण ने ग्राम गायता, पटेल के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम दुर्गूकोंदल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ईसाई धर्म परिवर्तित महिला की शव को परिजनों ने अपने ईसाई धर्म संगठन के लोगों के साथ मिलकर भानुप्रतापपुर ले गए और अपने धर्म रीति-रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार कराया। बैठक में ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, गायता मानूराम दुग्गा, महत्तम दुग्गा, शिवप्रसाद नरेटी, अशोक जैन, विजय पटेल, रामचंद्र कल्लो, देवेन्द्र टेकाम, जगत दुग्गा, झाड़ूराम उयका, नरेंद्र जैन, रमेश दुग्गा, धरमसिंह नरेटी, शकुंतला नरेटी, ज्ञानसिंह गौर, पवन कोमरा, टिकेश नरेटी, बिदेसिंग कल्लो, अघन नरेटी, बीरसिंग दुग्गा, चंद्रेश दुग्गा, भूपेंद्र दुग्गा, सोहन उयका, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## कृषि जांच अधिकारी पर जांच के नाम पर लीपापोती करने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर

पखांजूर क्षेत्र में नकली यूरिया खाद को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने रात के अंधेरे में खाली हो रहे एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें नकली खाद होने का शक था। ग्रामीणों ने इस ट्रक को कृषि विभाग के माध्यम से पुलिस के हवाले कर दिया था। कृषि विभाग के फर्टीलाईजर इंस्पेक्टर एवं जांच अधिकारी मनोज सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल किसान उठा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्होने थाने में खड़े ट्रक से बिना खाद सैंपल लिए ही ट्रक को छोड़ दिया और दुकानदार से मिलकर असली खाद का सैंपल जांच के लिए भेजने की साजिश रची है। इस घटना ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और ग्रामीणों ने फर्टीलाईजर इंस्पेक्टर को तत्काल पखांजूर से हटाने की मांग कर रहे हैं। इस अधिकारी शिकायत पखांजुर के उच्च अधिकारियों के द्वारा भी किया जा चुका है। ग्रामीणों में गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने फर्टीलाईजर इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली की घोर निंदा कर रहे है। उनका कहना है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के रहते किसानों को हमेशा नकली खाद का खतरा बना रहेगा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर फर्टीलाईजर इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से पखांजूर से हटाने की मांग किया है। उनका कहना है कि जब तक मनोज सरकार को हटाया नहीं जाता, तब तक वे अपना विरोध जारी रखेंगे। यह मामला अब राजनीतिक रंग भी लेता जा रहा है और स्थानीय नेता भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



**किसानों की मेहनत होगी खराबः** यह घटना सिर्फ एक अधिकारी की लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह परलकोट क्षेत्र में चल रहे नकली खाद के बड़े कारोबार की ओर इशारा करता है। नकली खाद न केवल किसानों की मेहनत और पैसे को बर्बाद करता है, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता को भी नुकसान पहुंचाता है। किसान पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं और नकली खाद जैसी समस्याएं उनकी मुश्किलें और बढ़ा रही हैं।

**मामले की जाँच करवाई जाएगीः** संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर महादेव धुर्वा का कहना है कि इस घटना की जानकारी प्रेस के माध्यम से मिली है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फर्टीलाईजर इंस्पेक्टर मनोज सरकार को यह बिल्कुल भी अनुमति नहीं है कि वह पुलिस थाने में खड़े ट्रक से बिना सैंपल लिए ही गाड़ी को छोड़ दें और दुकान में जाकर सैंपल लेने की बात करें। यह प्रक्रिया के खिलाफ है और अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। संयुक्त संचालक ने कहा मैं उप संचालक कांकेर को इस मामले की जांच के लिए आदेशित करूंगा।

## बैजनपुर स्कूल की छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल



भानुप्रतापपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राशा, माशा, शाउमावि बैजनपुरी के तीनों स्कूल के शिक्षक, जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी की उपस्थिति में देश की शान तिरंगे झंडे को स सम्मान पूजा अर्चना कर फहराया गया एवं भारत माता की जयकारा एवं देश के खातिर हस्ते हस्ते जान देने वाले वीर जवानों तथा देश को आजादी दिलाने वाले सपूतों को याद करते नारा लगाया गया। कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 21 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। सरपंच तेजबत्ति शोरी, उपसरपंच सतीस कोरेटी, द्वारिका प्रसाद यद्धु, उत्तम सिंहा, गौकरण देवांगन, प्राचार्य पूनम चंद जैन, डीआर हिड़को, गन्नू राम गोटा, विजय नेताम, बिरेन्द्र कोरेटी, समरेश शोरी, माखन नेताम, दीनानाथ दर्रो, वंदना नेताम, दुर्गा प्रसाद एवं समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### कलेक्टर ने आरसेटी...

शुरुआत की जा रही है। जिले के 18 से 45 वर्ष के ग्रामीण बीपीएल युवक-युवतियां प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहल कर सकते हैं। चूंकि सीटें सीमित होती हैं अतः पंजीयन के लिए संस्थान में सीधे करके अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

### 610 ग्राम गांजा...

20 मिनट पर गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, सउनि सोमेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक कृष्णा यादव आरक्षक अलख मरकाम, अनिल मरकाम, प्रेम सिंह आंचला, हेमंत शोरी, अनिल कुमार मरकाम एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम सउनि तेजेश्वर कश्यप, आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, लक्ष्मीनारायण शोरी का अहम भूमिका रही।

### पूर्व पीएम अटलजी...

फिर मुझे आजमा। मौत से बेखबर, जिंदगी का सफर, शाम हर सुरमई, रात बंसी का स्वर। बात ऐसी नहीं कि कोई गम ही नहीं, दर्द अपने-पराए कुछ कम भी नहीं। प्यार इतना परायों से मुझको मिला, न अपनों से बाकी है कोई गिला। हर चुनौती से दो हाथ मैंने किए, आँधियों में जलाए हैं बुझते दिए। आज झकझोरता तेज तूफ़ान है, नाव भँवरों की बाँहों में मेहमान है। पार पाने का कायम मगर हौसला, देख तेवर तूफा का, तेवरी तन गई, मौत से ठन गई। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, जय शिवना, बलवंत सिंह ठाकुर, भाऊ लाल कोसमा, अग्रहित साहू, शंकर लाल यादव, ईश्वर यदु, योगेश कोमरा राहुल देवांगन, मनीष चौहान, प्रेमलाल साहू, गुलशन सिंह परिहार, कुबेर कोसमा, देवेंद्र नेताम, नाथूराम कोलियारा, सहित ग्रामवासी एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओपन परीक्षा के...

ओपन परीक्षा की प्रवेश पत्र संस्था को मिल चुके है। संस्था के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया है कि प्रवेश पत्र संस्था में उपलब्ध हो गई है जिसका वितरण कार्यालयीन समय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोदल से प्राप्त कर सकते हैं छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा में विकासखंड दुर्गूकोदल, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ कोयलीबेडा के प्रशिक्षार्थी शामिल होंगे।

### रामेश्वर एवं लक्ष्मण...

ईलाके के हापाटोला में माओवादियों के छिपे होने के इनपुट मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन में बांदे के तत्कालीन थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख और पखांजुर थाना के प्रभारी लक्ष्मण केवट ने टीम का नेतृत्व करते हुए जंगल की ओर निकले और अंततः 29 माओवादियों को 16 अप्रैल 2024 को मार गिराने में बड़ी सफलता मिली थी, यह आंकड़ा उस समय का सबसे बड़ा आंकड़ा था। देश में कहीं पर भी एक साथ उस समय तक इतने माओवादियों को मारने का रिकार्ड कांकेर जिले को मिला। उसी का परिणाम रहा कि भारत सरकार ने 15 अगस्त 2025 के एक दिन पूर्व गुरूवार 14 अगस्त को दोनो निरीक्षकों को शौर्य चक्र से नवाजे जाने की घोषणा किया। कांकेर जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

### हुल्लड़बाजी करने...

प्रतिबंधात्मक धारा में इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में प्रआर.कौशल साहू, आरक्षक शिशुपाल शोरी, थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, लक्ष्मीनारायण शोरी की अहम भूमिका रही।






ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल वि.खं. दुर्गूकोंदल
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
बधाई
श्रीमती शकुन्तला नरेटी
सरपंच, ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल
एवं सरपंच संघ अध्यक्ष दुर्गूकोंदल
श्रीमती तामेश्वरी जैन
उपसरपंच
ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल
ग्राम पंचायत - दुर्गूकोंदल, वि.खं. दुर्गूकोंदल, जिला कांकेर
आश्रित ग्राम - पलाचुर, हाहालद्दी, भुरकागुदुम
श्रीमती करिश्मा दुग्गा वार्ड पंच
श्रीमती सरोज दुग्गा वार्ड पंच
सुश्री कविता टेकाम वार्ड पंच
श्रीमती उत्तरा वारे
ओम दुग्गा
श्रीमती अशवंतीन मंडावी वार्ड पंच
श्रीमती सावित्री बघेल वार्ड पंच
श्रीमती पी.के. दुर्गे वार्ड पंच
श्रीमती परमेश्वरी नेताम
श्रीमती प्रियंका नरेटी
श्रीमती लक्ष्मी नरेटी
नारायण सिंह नेताम (सचिव), ओमेश दुग्गा (कार्यालय सहायक), चित्ररेखा (रोजगार सहायक), सतीश मंडावी, श्रीमती मंजु दुग्गा, श्रीमती प्रतिमा यादव (वार्ड पंच), संजय उसेंडी (वार्ड पंच), सोमारूराम नेताम, समलू कोरेटी
विनीतः सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच एवं समस्त ग्रामवासी, दुर्गूकोंदल




ग्राम पंचायत खुटगांव वि.खं. दुर्गूकोंदल
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
बधाई
श्री मुकेश कुमार नरेटी
सरपंच, ग्राम पंचायत खुटगांव
श्री रामूराम नरेटी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत खुटगांव
नारायण नेताम सचिव
अनिता नरेटी रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत - खुटगांव, वि.खं. दुर्गूकोंदल
आश्रित ग्राम - दोडदे
शिवनाथ नरेटी
सुरूज लाल नेताम
दयाबत्ती दुग्गा
जगतराम नरेटी
जानकी नरेटी
पंचूराम दुग्गा
राजमन मरकाम
सगोन बाई तुलावी
विनीतः राजूराम दुग्गा, सरस्वती गोटा, प्रियंका चौबे, पार्वती नेताम एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत खुटागांव




समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
108
EMERGENCY
102
महतारी एक्सप्रेस 102 | संजीवनी एक्सप्रेस 108
▪ जननी सुरक्षा योजना अस्पताल में प्रसव करवाएं जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहे।
▪ परिवार नियोजन, छोटा परिवार सुखी परिवार
▪ राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेवें।
▪ छः जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करावें।
▪ मलेरिया से बचें अपने आसपास पानी जमा होने न दे,
▪ मच्छरदानी का उपयोग करें।
▪ बासी भोजन न करें पानी उबालकर पीएं।
▪ जननी शिशु सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं।
सौजन्यः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

**पर्व:** शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान, 11 प्लाटून ने किया मार्च पास्ट

# ध्वजारोहण के बाद सीएम के संदेश का हुआ वाचन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित





### मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उत्कृष्ट दल सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के मार्च पास्ट में गैर शालेय वर्ग से बस्तर फाइटर्स महिला बल को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष वर्ग को द्वितीय तथा वन विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शालेय वर्ग से शहीद रामकुमार यादव कन्या विद्यालय के स्काउट गाइड् प्रथम, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा विद्यालय गोविंदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका द्वितीय और पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय के एनसीसी बालिका को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा गैर शालेय वर्ग से परेड कमाण्डर प्रतिभा लहरे उप पुलिस अधीक्षक, सहायक परेड कमाण्डर लक्ष्मीनारायण नामदेव उप निरीक्षक, भुनेश्वरी भगत बस्तर फाइटर्स तथा दुर्गेश साहू एनएसएस को बेस्ट प्लाटून कमांडर की श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### 20 लाख का चेक सहित शॉल एवं श्रीफल किया प्रदान

चारामा ब्लॉक के ग्राम गोटीटोला निवासी सेना आयुक्त कोर लांस नायक अजय कुमार गोटी के 23 जून 2024 को शहीद हो जाने पर उनकी पत्नी सरला गोटी को मुख्य अतिथि द्वारा 20 लाख रूपए का चेक सहित शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया गया। विभिन्न मोर्चों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जिले के 92 वीर जांबाज शहीद जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि के द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद ध्रुव, पुलिस उप महानिरीक्षक अमित तुकाराम कांबले, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश भास्कर मिश्रा, डीएफओ रौनक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर एएस पैकरा सहित प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

### विजेता एवं अन्य को मिला स्मृति चिन्ह व मेडल

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय कन्या आश्रम सिंगारभाट के विद्यार्थियों ने प्रथम, पीएमश्री नरहरदेव उत्कृष्ट उमावि ने द्वितीय तथा शहीद रामकुमार कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें मुख्य अतिथि सांसद, कलेक्टर एवं एसपी ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पैराडाइज उमावि, सुभाषचन्द्र बोस शासकीय छात्रावास गोविंदपुर तथा केन्द्रीय विद्यालय को सम्मानित किया गया। । विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 77 शासकीय सेवकों सहित नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों का भी सम्मान प्रशस्ति-पत्र प्रदाय कर उन्हें स्मृति चिन्ह व मैडल भेंट किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ जिले में उत्साह पूर्वक हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम नरहरदेव शाउमावि प्रांगण में पूरे उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने राष्ट्रध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आमजनता के नाम संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात पुलिस के जवानों के द्वारा हर्ष फायर किया गया 11 प्लाटूनों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। जिला मुख्यालय कांकेर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि के खेल परिसर में सांसद ने सुबह 09 बजे राष्ट्रध्वज फहराया। बैण्ड की धुन पर राष्ट्रगान पश्चात मुख्य अतिथि सांसद ने जिप्सी पर सवार होकर मैदान के चारों तरफ मौजूद 11 प्लाटूनों के जवानों से सलामी ली। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसिला भी उपस्थित रहे। परेड के निरीक्षण पश्चात मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वतंत्रता दिवस पर जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद हर्ष एवं उमंग के प्रतीक गुब्बारे नील गगन में छोड़े गए। इसके बाद पुलिस बल के जवानों के द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ हर्ष फायर किया गया। समारोह में परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में जिला पुलिस बल के पुरूष एवं महिला, नगरसेना, बस्तर फाइटर्स महिला, वन विभाग सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स की कुल 11 प्लाटूनों के द्वारा लयबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए आकर्षक मार्च पास्ट किया गया, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि ने प्लाटूनों के दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया।

स्वतंत्रता समारोह में 22 स्कूलों के 1200 छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक पीटी का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। केन्द्रीय विद्यालय, शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय गोविन्दपुर, शहीद रामकुमार कन्या विद्यालय, शासकीय कन्या आश्रम सिंगारभाट, नरहरदेव शाउमावि तथा पैराडाइज विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों तथा लोक गीतों पर आकर्षक ढंग से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान पहली बार अश्वारोहियों के द्वारा घुड़सवारी का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें 07 अश्वारोहियों ने घोड़ों पर बैठकर प्रदर्शन किया।

## कलेक्टर ने जिला कार्यालय और जिलाधीश निवास में किया



**कांकेर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सुबह 08 बजे जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कार्यालयीन स्टाफ को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके पहले कलेक्टर ने सिविल लाइन्स स्थित अपने निवास पर राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**भानुप्रतापपुर।** प्रतिवर्ष 15 अगस्त को भारत देश स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में पूरे भारत देश में जोश, उमंग और देश भक्ति के साथ मनाया जाता है। 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी एवं सभी सीओबी जो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात है। स्वंतत्रता दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट प्रियव्रत शर्मा ने वाहिनी के सभी जवानों एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनांए दी। उन्होंने कहा कि आजादी प्राप्त करने के लिए बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानीयों ने अपना बलिदान दिया हैं। हमें सभी शहीद स्वतंत्रता सेनानीयों के बलिदानों को याद रखते हुए अपने राष्ट्र का सम्मान करते हुए एकता को बनाए रखने कि प्रण लेना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस के इस शुभ दिन पर हम सभी मिलकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रेखने का प्रण लेते हैं। महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली के संदेश को पढ़ कर सभी बलकर्मियों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू ने सशस्त्र सीमा बल के बहादुर अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनके विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया हैं, जिसमें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक पीएसएम 02, सराहनीय सेवा एमएसएम के लिए 11 पदक प्रदान किया गया हैं। महानिर्देशक सशस्त्र सीमा बल ने सभी पुरूस्कार विजेताओं और उनके परिवारों को बल के गौरव के लिए उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी।

## 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल ने मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**दुर्गुकोंदल।** 178 बटालियन बीएसएफ थाना मुख्यालय दुर्गुकोंदल में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनिट के कार्यवाहक समादेष्टा जेआर कुजूर द्वारा सामरिक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जेआर कुजूर कार्यवाहक समादेष्टा ने इस अवसर पर यूनिट के सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं और सभी शहीद जवानों को नमन किया। इसके अतिरिक्त उप समादेष्टा आनंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर प्रशांत और अन्य जवान 178 वीं बटालियन बीएसएफ, शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय, 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय पलाचुर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान सेल्फी विद तिरंगा अभियान को बढ़ावा दिया गया एवं बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी गई तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों में मिठाई वितरित की गई। इस बीच विद्यार्थी तथा शिक्षकों का उत्साह देखने बन रहा था।

## विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कांकेर।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गौरव और देशभक्ति के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को तिरंगे के रंगों, फूलों की मालाओं, रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जो राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीक बना। इस अवसर पर आयोजित समारोह में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर एक प्रेरणादायी और स्मरणीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो देश के प्रति समर्पण और सम्मान को दर्शाता था।

मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहन रमा दीदी ने अपने प्रेरणादायी भाषण में आध्यात्मिकता और देशभक्ति के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा स्वतंत्रता केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह मन और आत्मा की स्वतंत्रता भी है। उन्होंने युवाओं को नैतिक मूल्यों, करुणा और देश के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आव्हान किया। उनकी सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरक शब्दों ने सभी को प्रभावित किया। विशेष अतिथि जगदीश जसनानी ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने स्कूल की सामुदायिक पहल और शैक्षिक योगदान की सराहना की और छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्राचार्य रितेश चौबे ने कनेक्टिंग इंडिया शैक्षिक, वैज्ञानिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से विषय पर एक प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए भारत की एकता और प्रगति में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्राचार्य ने कहा हमारा स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो भारत को एकजुट करने और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया 79वाँ स्वतंत्रता



**कांकेर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। वर्षा होने के बावजूद समारोह की भव्यता और जोश देखते ही बनता था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को स्मरण किया। देशभक्ति गीतों ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया, नृत्य प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया, कविताओं ने देशप्रेम का संदेश दिया और नाट्य प्रस्तुति ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को जीवंत कर दिया। प्रेरक भाषणों ने सभी को देशभक्ति के उत्साह से ओतप्रोत कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य राजू गोस्वामी ने अपने उत्साहवर्धक उद्बोधन में विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण के साथ किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में किया गया पौधरोपण

**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद के नेतृत्व में एसडीओ एके कुंजाम, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत सहित टीम ने स्कूल परिसर एवं एनएच किनारे फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मुड़पार रंगमंच भवन के आसपास की साफ-सफाई और दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार बड़ेपरा के रंग मंच भवन में शनिवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान समाजसेवी प्रमोद कश्यप के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और ग्रामवासियों ने भाग लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान रंग मंच भवन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर कचरा, झाड़-झंखाड़ और गंदगी को हटाया गया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर झाड़ू, फावड़ा, टोकरी आदि का उपयोग करते हुए सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान युवाओं ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे गाँव की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी अपील की कि ग्रामवासी नियमित रूप से सफाई अभियान में भाग लें, कचरा खुले में न फेंके और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें। मार्गदर्शन कर रहे प्रमोद कश्यप ने बताया कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है और यदि हम सभी मिलकर इसे अपनाएँ, तो हमारा गाँव एक आदर्श ग्राम के रूप में उभरेगा। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे हर महीने कम से कम एक बार सामूहिक सफाई अभियान में भाग लें। कार्यक्रम में योगदान देने वालों में विक्रांत धुर्वा, रूमचंद कोड़ोपी, शिवम धुर्वा, महावीर पटेल, अभिषेक मरकाम, प्रमोद वट्टी, कीर्तन शोरी, पूरंजय नाग, दीपेश, सोमेश, प्रीतेश, रवि, गौतम, प्रकाश, कांता प्रसाद आदि रहे।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411